प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल

'चयन भवन' मुख्य मार्ग क्रं.1, चिनार पार्क(पूर्व), भोपाल (म.प्र.) – 462011

टेलीफोन नं. : (0755) 2578801-02 फैक्स नं. : 0755-2550498

ई–मेल : complain.peb@mp.gov.in वेबसाईट : www.peb.mp.gov.in

परीक्षा–परिणाम

डी.ए.एच.ई.टी.–2021

(Diploma in Animal Husbandray Entrance Test)

मध्यप्रदेश के पशुपालन महाविद्यालयों/प्रशिक्षण संस्थानों में द्विवर्षीय पशुपालन पत्रोपाधि पाठ्यक्रम हेतु प्रवेश परीक्षा

ऑनलाईन परीक्षा तिथि	:	26 नवम्बर, 2021
परीक्षा परिणाम तिथि	:	05 जनवरी, 2022

परीक्षा परिणाम से संबंधित जानकारी बोर्ड की वेबसाईट www.peb.mp.gov.in पर उपलब्ध है।

04/01/22 4/1/22 04/1/22

प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल

डिप्लोमा इन एनीमल हस्बेंडरी प्रवेश परीक्षा (डी.ए.एच.ई.टी.)–2021 का परीक्षा परिणाम

प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड द्वारा दिनांक **26.11.2021** को मध्यप्रदेश के भोपाल, ग्वालियर, इन्दौर एवं जबलपुर परीक्षा शहरों में डिप्लोमा इन एनीमल हस्बेंडरी प्रवेश परीक्षा (डी.ए.एच.ई.टी.)–2021 (ऑनलाईन) का आयोजन किया गया था। इस परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थियों की प्रमुख जानकारी एवं परीक्षा परिणाम के प्रमुख बिन्दु निम्नानुसार है :–

1. इस परीक्षा के माध्यम से नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के अंतर्गत मध्यप्रदेश के पशुपालन महाविद्यालयों/प्रशिक्षण संस्थानों में द्विवर्षीय पशुपालन पत्रोपाधि पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में प्रवेश दिया जायेगा।

2. इस परीक्षा में प्रावीण्य सूची में प्रथम दस स्थान पाने वाले अभ्यर्थियों तथा परीक्षा शहरवार एवं श्रेणीवार आवेदकों व परीक्षा सम्मिलित अभ्यर्थियों की जानकारी परिशिष्ट–1 में संलग्न है।

3. परीक्षा उपरांत अभ्यर्थियों से अभ्यावेदन आमंत्रित किये गये थे, प्राप्त अभ्यावेदनों पर विचारोपरांत तैयार की गई "अंतिम उत्तर कुंजी" के आधार पर परीक्षा परिणाम तैयार किया गया है।

4. ऑनलाईन आवेदन–पत्र में अभ्यर्थियों द्वारा दी गई जानकारियों तथा विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराई गई नियमपुस्तिका के अनुसार परीक्षा परिणाम में समेकित सूची तैयार की गई है, तथा समान अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों में जन्मतिथि के आधार पर आयु में वरिष्ठ अभ्यर्थी को वरीयता दी गई है।

5. यह परीक्षा परिणाम अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन–पत्र में दी गई जानकारी के आधार पर तैयार किया गया है। अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन–पत्र में दी गई समस्त जानकारियों तथा अभ्यर्थियों के समस्त मूल दस्तावेजों का सत्यापन/परीक्षण प्रवेश के पूर्व संबंधित विश्वविद्यालय/काउंसलिंग समिति द्वारा किया जायेगा, तदोपरांत ही प्रवेश संबंधी कार्यवाही की जायेगी।

6. प्रवेश नियम के अनुसार अभ्यर्थियों को काउंसलिंग प्रक्रिया के माध्यम से पात्रता अनुसार प्रवेश दिया जायेगा। काउंसलिंग के कार्यक्रम की जानकारी नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर द्वारा उपलब्ध कराई जायेगी ।

7. परीक्षा परिणाम पी.ई.बी. की वेबसाईट www.peb.mp.gov.in पर उपलब्ध हैं, जहाँ से अभ्यर्थी अपना परीक्षा परिणाम डाउनलोड/मुद्रित कर सकते हैं।

भोपाल
दिनांक : 05 जनवरी, 2022

4/01/2022

07/01/22

प्रभारी नियंत्रक
प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड
भोपाल